



**एक नजर में**

## कलेक्टर ने महिला को दी 5 हजार की सहायता

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक जरूरतमंद महिला नागरिक को आर्थिक सहायता प्रदान की है। शीतला माता मंदिर क्षेत्र की निवासी रक्षाबाई ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपनी दयनीय आर्थिक स्थिति की जानकारी दी थी। आवेदन पर तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने महिला की विषम परिस्थितियों को समझा और रेडक्रॉस सोसायटी गुना से 5 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की। कलेक्टर ने स्वयं उपस्थित होकर रक्षाबाई को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस मदद के मिलने पर महिला ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## जिला जेल की महिला बंदी अब बनेंगी साक्षर

**गुना।** समाज की मुख्यधारा से दूर जेल की सलाखों के पीछे रहने वाली महिलाओं के जीवन में शिक्षा का उजियारा फैलाने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई है।

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल गुना की महिला बंदियों को साक्षर बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निदेशों के परिपालन में जेल में निरुद्ध महिला बंदियों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के लिए अक्षर पोथियाँ, स्लेट और बत्ती (लेखन सामग्री) का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं को बुनियादी अक्षरों का ज्ञान देना और साक्षर बनाना है, जो किन्हीं कारणों से शिक्षा से वंचित रह गई थीं। इन महिला बंदियों को जेल परिसर में ही नियमित रूप से पढ़ाया जाएगा, ताकि वे आगामी फरवरी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित हो सकें और प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकें।

# पेंची घटनाक्रम : घायल पुलिसकर्मियों से मिलने पहुंचे कलेक्टर

## अब तक 2 गिरफ्तार, राजनीतिक संरक्षण तलाश रहे आरोपी, लेकिन पुलिस हाथ धोकर पीछे पड़ी



**नवभारत न्यूज**

**गुना 6 जन. का। चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंची में सोमवार को पुलिस टीम पर हुए जानलेवा हमले के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस ने इस हिंसा में शामिल 28 उपद्रवियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए अब तक दो आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। वहीं हमले में शामिल आरोपी अब राजनीतिक संरक्षण तलाश कर रहे हैं, ताकि कार्रवाई से बच सकें।**

पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले में आरोपियों पर हत्या का प्रयास, बलवा, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाने जैसी गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि वर्दी पर हाथ उठाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मंगलवार को गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसपी अंकित सोनी जिला अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने हमले में घायल एएसआई और प्रधान आरक्षक से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने बताया कि दोनों घायल पुलिसकर्मियों की स्थिति अब पहले से बेहतर है और उन्हें उचित उपचार दिया जा रहा है। एसपी अंकित सोनी ने सोमवार शाम को भी घायलों से मुलाकात की थी और पुलिस टीम को आरोपियों की जल्द धरपकड़ के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने पेंची की घटना पर दुख जताया। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा किसी भी स्थिति में कानून को हाथ में लेना और हिंसा करना गलत है। जनता को अचानक आक्रामक होने के बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए। जिन लोगों ने जवानों पर हमला किया है, उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घायल पुलिसकर्मियों का हाल जानने के साथ ही कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी संवाद किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का मुद्दा भी सामने आया। कलेक्टर ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए प्रबंधन को अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था तत्काल पुख्ता करने और सुरक्षाकर्मियों की मुस्तैदी बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

**कोई तो बचा ले...**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सभी 28 नामजद आरोपियों की पहचान नेशनल हाइवे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से की गई है। इसके बाद उन्हें नामजद किया गया है। आरोपी समझ गए हैं कि उनका बच पाना मुश्किल है, इसलिए अब राजनीतिक शरण ली जा रही है। जानकारी सामने आई है कि कई आरोपी राजनेताओं से सम्पर्क साध रहे हैं। यह तर्क दिया जा रहा है कि दोनों समाज एक साथ बैठकर समझौता कर लें, ताकि विवाद शांत हो जाए। लेकिन मामला अब तूल पकड़ चुका है।

दो समाजों के संभावित विवाद से पहले ही पुलिस पर हमला हुआ है। यही वजह है कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस अब हाथ धोकर पीछे पड़ गई है। आरोपियों के घरों के बाहर पुलिस का पहरा है। वहीं रिश्तेदारों के घर भी खंगाले जा रहे हैं। अन्य तकनीकी संसाधनों से ट्रेकिंग जारी है।

### आखिर किसने उकसाया

घटनाक्रम को लेकर अब कई तरह के तर्क और जानकारियां सामने आ रही हैं। सूत्र बताते हैं कि लोधा समाज के विरोध-प्रदर्शन में कुछ ऐसे लोग भी शामिल थे, जो तीसरे समाज से ताल्लुक रखते हैं। कुछ लोगों द्वारा शराब पीकर उत्पात मचाने की जानकारी सामने आ रही है। जिला अस्पताल में भर्ती एएसआई और प्रधान आरक्षक इस बात की पहले ही पुष्टि कर चुकी है कि मारपीट करने वाले आरोपी लड़की पक्ष से जुड़े लोग थे। इसके अलावा किन लोगों ने इस मामले में आग में घी डालने का काम किया है, इसकी जड़ में जाने के लिए पुलिस ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। एसपी अंकित सोनी ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए रातभर जगह-जगह दबिश दी गई है। सभी आरोपी जल्द से जल्द से सलाखों के पीछे होंगे, जिन्हें सख्त सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



# भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी : हीरेंद्र सिंह

**आरोन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक अंबिका मैरिज गार्डन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राघौगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय नेता हीरेंद्र सिंह 'बंटी बना' उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता मुनीश जैन द्वारा की गई।

इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बंटी बना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पित है और वह संगठन की रीढ़ की हड्डी के समान है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा के बल पर ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। बैठक के दौरान हीरेंद्र सिंह ने एसआईआर में कार्यकर्ताओं, पोलिंग बूथ प्रभारियों और बीएलओ-2 की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह रघुवंशी, संजीव सोनी, गोविंद प्रसाद शर्मा, छगनलाल तिवारी, बृजेंद्र राजपूत, पार्षद सोनू रघुवंशी, पार्षद महेंद्र यादव, वर्षा कुशवाहा, सुरजीत धाकड़ और रामकुमार धाकड़ सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही नीलम सिंह धाकड़, श्रवण कुमार जैन, विशाल कंबोज, जयवर्धन सिंह परमार, रामस्वरूप नामदेव, प्रकाश मीणा, कैलाश रघुवंशी, देवेंद्र शर्मा, रवि शंकर सेन और शक्ति केंद्र प्रभारियों व पोलिंग बूथ अध्यक्षों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजीव सिंह राजावत द्वारा किया गया तथा अंत में लखन जाटव ने आभार जताया।

# जेसीआई गुना पायनियर के अध्यक्ष बने डॉ . गौरव जैन



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जेसीआई गुना पायनियर का वर्ष 2026 का भव्य शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय होटल जी.के. जैन में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी डॉ. गौरव जैन ने अपनी टीम के साथ संस्था की कमान संभाली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीआई मंडल अध्यक्षा अमृता शर्मा, नेशनल डायरेक्टर (ट्रेनिंग) आनंद मिश्रा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता मौजूद थे। समारोह में शपथ विधि अधिकारी सागर अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. गौरव जैन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ महिला अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, सचिव रविंद्र रघुवंशी, महिला सचिव निकिता अग्रवाल और कोषाध्यक्ष निकित जैन ने भी आधिकारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2025 के निर्वतमान अध्यक्ष चित्रांक अग्रवाल ने पिछले वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था की उपलब्धियों को साझा किया। कार्यक्रम की शुरूआत जेजे अनाया सुरजन की गणेश वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर संस्था के वार्षिक खेल उत्सव स्पर्धा का भी आगाज किया गया। स्पर्धा चेयरमैन गगन गोयल ने आगामी खेलों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथियों ने 'स्पर्धा' के आधिकारिक लोगो और ट्रॉफी का अनावरण किया। इस वर्ष प्रतियोगिता में चार टीमें—दंगल, थलाइवा, योद्धा और धुरंधर—खिताबी मुकाबले के लिए मैदान में उतरेंगी। कार्यक्रम का सफल संचालन वैभव टांटिया व आकृति जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सचिव रविंद्र रघुवंशी ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष अनुज कु. जैन सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# 3 महीने से वेतन को तरसे जिला अस्पताल के 32 कर्मचारी, लगाई गुहार

**नवभारत न्यूज**

**गुना। जिला अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे रोगी कल्याण समिति और एसएनसीयू के कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण परेशान कर्मचारियों ने मंगलवार को गुना कलेक्टर के समक्ष अपनी व्यथा सुनाई।**



अस्पताल में कार्यरत महिला कर्मचारी ऊषा बाई ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि वेतन न मिलने से घर की स्थिति दयनीय हो गई है। वे किराए के मकान में रहती हैं, लेकिन पैसे न होने के कारण मकान मालिक का दबाव है। यहाँ तक कि बच्चों की फीस जमा न होने पर उन्हें स्कूल से वापस भेज दिया गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी जिम्मेदारी लेने के बजाय एक-दूसरे पर टाल रहे हैं। कर्मचारियों के मुताबिक वे पिछले 20 वर्षों से संविदा पर 'सपोर्ट स्टाफ' के रूप में कार्यरत हैं। अब प्रबंधन उन पर आउटसोर्स प्रणाली के तहत काम करने का दबाव बना रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि उम्र के इस पड़ाव पर आउटसोर्स में जाना उनके भविष्य के लिए असुरक्षित होगा। कर्मचारियों के अनुसार, संबंधित लिपिक उनकी बात सुनने तक को तैयार नहीं हैं। बता दें कि करीब 32 कर्मचारी ऐसे हैं जो महज 9,000 रुपये मासिक वेतन पर काम कर रहे हैं। 3 महीने से भुगतान न होने के कारण कई कर्मचारियों पर कर्ज बढ़ गया है। स्थिति इतनी खराब है कि कर्ज की किस्त मांगने वाले लोग अस्पताल तक पहुँच रहे हैं, जिससे कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं। सभी पीड़ित कर्मचारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर जल्द वेतन दिलाने की मांग की है। कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कर्मचारियों को जल्द ही वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। अब देखना यह है कि 20 वर्षों से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों को उनका हक कब तक मिल पाता है।

# सरपंच पुत्र की दबंगई : खेल के मैदान पर चलाया ट्रैक्टर

**नवभारत न्यूज**



**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत जांगरू से दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सरपंच के पुत्र ने खेल के मैदान में क्रिकेट खेल रहे बच्चों को न केवल धमकाया, बल्कि ट्रैक्टर का पंजा चलाकर पूरे मैदान को तहस-नहस कर दिया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है और अब सरपंच पुत्र को सफाई देना पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार शाम जांगरू स्कूल के खेल मैदान में गांव के बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी अचानक सरपंच का पुत्र ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचा और बच्चों के साथ गाली-गलौज करने लगा। उसने बच्चों से पूछा कि तुम्हें यहाँ खेलने की इजाजत किसने दी? इसके बाद उसने पूरे मैदान की जमीन को ट्रैक्टर के पंजे से खोदना शुरू कर दिया ताकि बच्चे वहां खेल न सकें। मैदान पर मौजूद बच्चों ने दावा किया है कि जब उन्होंने सरपंच पुत्र को रोकने की कोशिश की और ट्रैक्टर के सामने आए, तो आरोपी ने उन पर ही ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। डरे-सहमे बच्चों ने मौके से हटकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के समय वहां मौजूद कुछ युवकों ने इस पूरी दबंगई का वीडियो बना लिया। हालांकि इस घटनाक्रम के दो अलग-अलग वीडियो सामने आए हैं पहले वीडियो में सरपंच पुत्र साफ तौर पर मैदान को पंजे से खोदते हुए नजर आ रहा है। वहीं जब ग्रामीणों ने सरपंच पुत्र की करतूत सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी तो अधिकारियों ने उसे फटकार लगा दी। इसके बाद सरपंच पुत्र के सुर बदल गए। दूसरे वीडियो में वह सफाई देते हुए कह रहा है कि वह मैदान का जीर्णोद्धार करवा रहा है और पिच को बेहतर बनाने के लिए जमीन खोद रहा है। हालांकि, ग्रामीणों और बच्चों का कहना है कि सरपंच पुत्र की नीयत मैदान सुधारने की नहीं, बल्कि बच्चों को वहां से भगाने और अपनी धौंस दिखाने की थी। इस तरह खराब किए जाने से गांव के खिलाड़ियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने और बच्चों को धमकाने के मामले में तत्काल उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# परीक्षा के तनाव को कहें 'बाय-बाय', माइंडफुलनेस के गुर



**गुना।** कक्षा 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाओं के बीच विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक दबाव को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से एक विशेष पहल शुरू की गई है। विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त और आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में 'तनाव प्रबंधन कार्यशालाएँ' आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में क्राइस्ट स्कूल, गुना में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए एक प्रभावी सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में 'मन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड साइकोलॉजिकल स्टडीज' के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय शर्मा और क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट सुश्री शिवानी किरार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। विशेषज्ञों ने परीक्षा के भय, सिलेबस की चिंता और अच्छे अंक लाने के दबाव जैसे कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि अत्यधिक तनाव न केवल मानसिक स्वास्थ्य बल्कि शारीरिक क्षमता और व्यवहार को भी प्रभावित करता है। सत्र के दौरान छात्रों को तनाव संतुलित करने के व्यावहारिक उपाय जैसे—समय का सही नियोजन, पढ़ाई के बीच छोटे ब्रेक, मोबाइल से दूरी और सकारात्मक सोच विकसित करने के तरीके सिखाए गए। इसके साथ ही छात्रों को माइंडफुलनेस अभ्यास, गहरी साँस लेने की तकनीक और परीक्षा के समय घबराहट को नियंत्रित करने वाली 'ग्राउंडिंग तकनीक' का अभ्यास भी कराया गया।

# सोनखरा में दहशत बरकरार, खलिहान जाने से भी डरते हैं ग्रामीण

**नवभारत न्यूज**

**गुना। बमौरी ब्लॉक के ग्राम सोनखरा में सरकारी निर्माण के दौरान लेकर 19 दिसंबर सामने आए हिंसक घटनाक्रम के बाद अभी भी दहशत बरकरार है। ग्रामीण अपने खलियानों तक जाने में भी दहशत का सामना कर रहे हैं।**

मंगलवार को सोनखरा से आए कई ग्रामीणों ने एसपी अंकित सोनी से मुलाकात की। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में हिंसा करने और दहशत फैलाने के मामले में अभी भी 3 आरोपी फरार हैं, जिन्हें बमौरी पुलिस नहीं पकड़ सकी है। एसपी को ग्रामीणों ने बताया कि आरोपियों की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही हैं। गांव में यह संदेश दिया जा रहा है कि वह अपने विरोधियों को नहीं छोड़ेंगे, जैसे एक केस उनपर दर्ज हुआ है वैसे दूसरा भी दर्ज हो जाएगा तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। यही वजह है कि ग्रामीण खौफजदा हैं और अपने खलियानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई लोगों की मक्का की फसल अभी खलियान में पड़ी है, लेकिन आरोपियों की दहशत होने की वजह वे फसल निकासी नहीं कर पा रहे हैं जिससे आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

एसपी ने ग्रामीणों को बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास जारी हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सराहना** | **जय स्तंभ चौराहे पर हेलमेट पहनने वालों को खिलाई मिठाई, भेंट किए गुलाब**

# गुना पुलिस की गांधीगिरी, हर मंगलवार रहेगा नो चालान डे

**नवभारत न्यूज**

**गुना। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत मंगलवार को गुना की सड़कों पर पुलिस का एक बेहद संवेदनशील और प्रेरणादायी चेहरा नजर आया। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस ने 'सेफ्टी डे' के अवसर पर जयस्तंभ चौराहे पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।**



इस दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम ने उन दोपहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट किया और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया, जो हेलमेट पहनकर सुरक्षित सफर कर रहे थे। पुलिस से मिले इस सम्मान को पाकर चालकों के चेहरों पर खुशी नजर आई और उन्होंने साझा किया कि कैसे हेलमेट ने पूर्व में उनकी जान बचाने में सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई है। डीएसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में संचालित यह अभियान इस वर्ष फोर पिलर मॉडल (इंजीनियरिंग, एजुकेशन, एनफोर्समेंट और इमरजेंसी केयर) की थीम पर आधारित है। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जनवरी माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य लक्ष्य जिले में सड़क दुर्घटनाओं को शून्य पर लाना है। इस अभियान की खास बात यह है कि हर मंगलवार को नो चालान डे रखा गया है, जिसके तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान काटने के बजाय उन्हें समझाइश देकर जागरूक किया जा रहा है। केवल दंडात्मक कार्रवाई करना पुलिस का उद्देश्य नहीं है, बल्कि नागरिकों के जीवन की सुरक्षा करना प्राथमिकता है।

**हर हफ्ते लकी ड्रा से चुने जाएंगे तीन 'हेलमेट हीरो'**

अभियान को और अधिक रोचक बनाने के लिए यातायात पुलिस ने स्थानीय एनजीओ के सहयोग से हेलमेट हीरो प्रतियोगिता की भी शुरूआत की है।

इसके अंतर्गत हेलमेट पहनने वाले जागरूक नागरिकों में से प्रति सप्ताह तीन 'लकी विनर्स' को चुना जाएगा, जिन्हें आकर्षक उपहारों से नवाजा जाएगा। गुना पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि 31 जनवरी तक चलने वाले इस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सक्रिय भागीदारी निभाएं और यातायात नियमों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, ताकि जिले की सड़कों पर हर सफर सुरक्षित और सुखद हो सके।

### मांझे से घायल युवक की मदद को आगे आए कलेक्टर

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए पतंग के मांझे से घायल हुए एक युवक को आर्थिक सहायता प्रदान की है। राघौगढ़ तहसील के ग्राम कुंदा निवासी जैमा बंजारा को आज कलेक्ट्रेट में सहायता राशि का चेक सौंपा गया। घटना के अनुसार, 31 दिसंबर को जैमा बंजारा मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी बीजी रोड पर वे एक अज्ञात पतंग के घातक मांझे की चपेट में आ गए थे। इस हादसे में वे बुरी तरह घायल हो गए थे। पीड़ित द्वारा सहायता की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने तत्काल संज्ञान लिया। आवेदक की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने 5 हजार रुपये की सहयोग राशि स्वीकृत की और स्वयं चेक भेंट किया। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे पतंगबाजी के दौरान सुरक्षित मांझे का उपयोग करें और हादसों से बचा जा सके।

# टेकरी ट्रस्ट पर अनियमितता और राजनीतिकरण का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिले के सबसे बड़े धार्मिक स्थल श्री हनुमान टेकरी मंदिर का संचालन करने वाले ट्रस्ट पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है। आरोप है कि ट्रस्ट द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा नहीं कराया जाता है। टेकरी के मंच से राजनीतिक गतिविधियां भी हो रही हैं। सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में पं. निरंजन शर्मा द्वारा दिए गए आवेदन में कई गंभीर आरोप और अनियमितताओं का जिक्र किया गया है। सवर्ण आर्मी के प्रवक्ता महेंद्र सिंह राजपूत ने दावा किया है कि टेकरी मंदिर में रोजाना लगभग एक लाख रुपए का चढ़ावा अथवा अन्य मद से आय होती है। लेकिन आज तक किसी भी आम नागरिक द्वारा टेकरी में रखी दानपेटियों को खुलता नहीं देखा गया। इतना ही नहीं टेकरी ट्रस्ट में कुछ समय पूर्व तक ब्राह्मण पदाधिकारियों की संख्या अधिक थी, जो धीरे-धीरे कम होती जा रही है। यह चिंता का विषय है। सवर्ण आर्मी ने कहा है कि टेकरी गतिविधियां पूरी तरह धार्मिक होना चाहिए। लेकिन बीते कुछ सालों में ट्रस्ट का फोकस राजनीतिक, प्रशासनिक व्यक्तियों का सम्मान अथवा समारोह आयोजित करने पर अधिक है। ऐसा प्रतीत होता है कि टेकरी ट्रस्ट के पदाधिकारी राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए काम कर रहे हैं। क्योंकि ट्रस्ट की ओर से अब तक एक भी समारोह संत समाज का सम्मान करने के उद्देश्य से आयोजित नहीं किया गया है। इसी के साथ टेकरी मंदिर परिसर में वीआईपी पूजा पर रोक लगाने की मांग की गई है। सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने कहा कि मंदिर परिसर में किसी भी आम श्रद्धालु द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल करने पर भी रोक है। लेकिन जब कोई वीआई जैसे राजनेता, मंत्री आदि आते हैं तो उन्हें निज मंदिर की चौखट पर बैठाकर पूजा कराई जाती है, यह संस्कृति बंद की जाना चाहिए। ज्ञापन से इन कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ब्रांच गुना द्वारा, शिवानंद शर्मा के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता कमलेश चौरसिया पुत्र श्री नंदराम चौरसिया द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 28, सर्वे न0 61 मिन, वार्ड न0 22 राजीव वार्ड के अंतर्गत राजनगर कालोनी के समीप गुना रोड से अन्दर की ओर अशोकनगर जिला अशोकनगर, क्षेत्रफल 612 वर्गफिट का विक्रय किया था, जो क्रेता श्रीमति किरण जैन पत्नि श्री सुरेशचंद जैन द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता0 क्र 2099 पुस्तक क्र. 3356 दिनांक 23.03.2006 है, उक्त दस्तावेज (रजिस्ट्री) कहीं गुम हो गया हैं।

यदि किसी व्यक्ति को मिली हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें ।

उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेंदार होगा। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करैं। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**सूचना कर्ता-**
**शलभ पारीक, एड्वोकेट**
**31/248 आदर्श कॉलोनी गुना**
**फोन-9425746155**